आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 09.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरू होगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेन्ट समिट के तहत हुए एमओयू को धरातल पर लाने के लिए प्रभावी प्रयास।
- प्रदेश में गर्मी के असर में बढोतरी–बाडमेर में दिन का तापमान 38 डिग्री सैल्सियस के पार।
- आईसीसी चैंपियंस क्रिकेट ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैण्ड ने भारत के सामने जीत के लिए 252 रन का लक्ष्य रखा।

--------------------------------

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरू होगा। सत्र का यह चरण 4 अप्रैल तक चलेगा जिसमें 20 बैठकें होंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल ही मणिपुर के लिए बजट पेश करेंगी। पिछले महीने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है। सत्र के दौरान वर्ष 2025–26 के लिए अनुदान मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा और मतदान किया जाएगा।

--------------------------------

राज्य विधानसभा में कल बीकानेर के राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय वार्षिक प्रतिवेदन, सदन में रखे जाएंगे। पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ये प्रतिवेदन रखेंगे। इसके अलावा उद्योग तथा वन और पर्यावरण विभाग की अनुदान मांगों पर विचार और मतदान होगा। वहीं विभिन्न याचिकाएं प्रस्तुत की जाएंगी।

--------------------------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू को धरातल पर लागू करने की दिशा में प्रभावी रूप से काम किया जा रहा है। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को एमओयू की क्रियान्विति के लिए परस्पर सामंजस्य के साथ काम करने और इनकी लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने रीको को प्रदेश में नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए जमीन की संभावना तलाश करने को भी कहा। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत और विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे।

--------------------------------

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सभी के लिए स्वास्थ्य सुनिश्चित करने और देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई है। श्री नड्डा ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान के 48वें वार्षिक समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण, अनुसंधान और क्षमता निर्माण गतिविधियों के संचालन में अग्रणी है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य के नए युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

--------------------------------

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने मध्यप्रदेश के माधव राष्ट्रीय उद्यान को देश का 58वां बाघ अभयारण्य बनाए जाने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने कहा कि यह उन वन अधिकारियों के अनवरत प्रयासों का प्रमाण है जो वन्य जीवन संरक्षण के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे हैं। श्री यादव की पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत वन्यजीव विविधता और वन्य जीवन को महत्व देने की संस्कृति वाला देश है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार वन्य जीवों की सुरक्षा और पृथ्वी पर पर्यावरण संरक्षण में हमेशा सबसे आगे रहेगी।

...................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित एम्स का दौरा किया और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की। उपराष्ट्रपति धनखड़ को बेचैनी की शिकायत के बाद कल रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि श्री धनखड़ की हालत फिलहाल स्थिर है।

...................................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि नेत्रदान महादान है। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि देश में लगभग सवा करोड़ लोग दृष्टिहीन हैं। राज्यपाल ने अंधता निवारण में नेत्रदान की संस्कृति विकसित करने में सभी से सहयोग की अपील की। श्री बागडे आज 'आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान' की ओर से आयोजित 'नेत्रदानी परिवार सम्मेलन समारोह' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नेत्रदान से जुड़े परिवारों का अभिनंदन और स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। वहीं जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान में आयोजित समता महोत्सव में भी राज्यपाल ने शिरकत की। उन्होंने समता के भाव से सभी को देखने और छुआछूत नहीं करने का आग्रह किया। इस दौरान श्री बागडे ने संविधान निर्माण में योगदान देने वाले महापुरुषों को याद करते हुए भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य करने पर जोर दिया।

...................................

होली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही प्रदेशभर में तैयारियां की जा रही हैं। राज्य में विभिन्न स्थानों पर फागोत्सव आयोजित हो रहे है। राजधानी जयपुर में आज से गलता तीर्थ पर फागोत्सव की शुरूआत हुई। देवस्थान विभाग की ओर से हो रहे इस उत्सव में कीर्तन, महाआरती और विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। हनुमानगढ में कल 501 ध्वजाओं के साथ फागोत्सव रैली निकाली गई। जैसलमेर के गोविन्दसर गिरिराज जी में होरी रसिया और फाग गायन हो रहा है। डीग में आज से दो दिन के बृज होली महोत्सव की शुरूआत हुई। उधर, भरतपुर में कल निकलने वाली शोभायात्रा की तैयारियां की जा रही हैं। झुंझुनूं सहित विभिन्न जिलों में पुलिस फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से होली मनाने का संदेश दे रही है। करौली में इन दिनों फागोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शहर के प्रसिद्ध मदन मोहन जी मंदिर सहित ग्रामीण अंचलों में भी होली गायन के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

...................................

उधर सीकर के खाटूश्याम जी में चल रहा फाल्गुनी मेला परवान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कल एकादशी पर श्याम मंदिर से रथ यात्रा निकाली जायेगी। इसके लिए 125 किलो चांदी से निर्मित रथ तैयार किया गया है।

...................................

अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रमों की कडी में आज जैसलमेर में भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राजकीय जवाहर चिकित्सालय में आयोजित इस शिविर में बडी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी निभाई। वहीं बाड़मेर में महिला उद्यमियों की ओर से लगाया गया जिलास्तरीय राज सखी मेला आज परवान पर रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में खरीदारी करने बडी संख्या में लोग पंहुचे।

-------------------------------

प्रदेश में गर्मी के असर में बढोतरी होने लगी है। दिन में तेज धूप से गर्मी का एहसास बना हुआ है। हालांकि रात के समय मामूली ठंड का असर बना हुआ है। बीते 24 घंटों में बाड़मेर में दिन का पारा 38 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज गर्मी के असर से जनजीवन प्रभावित हुआ है। चित्तौडगढ, डूंगरपुर, जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, जालौर और पाली सहित कई जगह दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर सहित कई शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले चार–पांच दिन मौसम शुष्क रहेगा और गर्मी में थोड़ी बढोतरी हो सकती है। धुलंडी और उसके अगले दिन श्रीगंगानगर और हनुमानगढ जिले में बादल छाये रहने के आसार हैं।

-------------------------------

आईसीसी चैंपियंस पुरूष क्रिकेट ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैण्ड ने भारत के सामने जीत के लिए 252 रन का लक्ष्य रखा है। दुबई में खेले जा रहे इस मैच में न्यूजीलैण्ड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैण्ड की टीम ने 7 विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाए। सबसे अधिक 63 रन डेरिल मिचेल ने बनाये। भारत की ओर से वरूण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो–दो विकेट लिए। टूर्नामेंट में भारत की टीम ने अभी तक कोई मैच नहीं हारा है। भारत ने लीग चरण में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड पर प्रभावशाली जीत के बाद सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर रोमांचक जीत दर्ज की।

-------------------------------